भारत का राष्ट्रीय नर्सरी पोर्टल
विक्रेता-ख़रीदार बातचीत को बनाए आसान

भारत सरकार के कृषि, सहयोग और किसान कल्याण विभाग ने नर्सरी मालिकों और ख़रीदारों को आपस में जोड़ने और रोपण सामग्री को बेचने या ख़रीदने के लिए एक ऑनलाइन बाज़ार बनाया है।

फलों, सब्ज़ियों, फूलों, मसालों और बागान फसलों के बीज और पौध की बिक्री को सुविधाजनक बनाने के लिए मंत्रालय के राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एन एच बी) के आधीन एक वेब पोर्टल http://nnp.nhb.gov.in और राष्ट्रीय नर्सरी पोर्टल (एन एन पी) नामक मोबाइल एप्लिकेशन का डिजिटल मंच स्थापित किया गया है।

नर्सरी मालिक और ख़रीदार वेब पोर्टल और मोबाइल एप्लिकेशन, जो गूगल प्ले स्टोर और iOS ऐप स्टोर पर उपलब्ध है, पर पंजीकरण कर सकते हैं। फिलहाल, मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोगकर्ता अंग्रेज़ी और हिंदी में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

राष्ट्रीय नर्सरी पोर्टल के उद्देश्य

- गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री की उपलब्धता को सुगम बनाना।
- बागवानी किसानों को रोपण सामग्री देने के लिए पौधशालाओं को अपनी क्षमता के प्रदर्शन की सुविधा प्रदान करना।
- आसपास के इलाकों और राज्यों में विभिन्न फसलों की रोपण सामग्री की ख़रीद के लिए ख़रीदारों की मदद करना।
- नर्सरी के बारे में जानकारी चित्र, दस्तावेज़ और आंकड़े आदि प्रदान करने के लिए नर्सरी के बुनियादी ढांचे, उपलब्ध रोपण सामग्री, मान्यता और रेटिंग, प्रमाणन और गुणवत्ता/विनिर्देशों जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला बनाना।
- रोपण सामग्री से संबंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को छूते हुए महत्वपूर्ण जानकारी के बारे में नियमित आधार पर पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को सूचित करना।

- रोपण सामग्री की मांग और आपूर्ति के साथ-साथ अनुमानित मांग सहित वस्तुसूचि की वास्तविक समय में दृश्यता प्रदान करना।
- मान्यता प्राप्त करने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए नर्सरी को अपने बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए प्रोत्साहित करना।
- भारत में प्रमाणित/मान्यता प्राप्त नर्सरी और संभावित ख़रीदारों की एक निर्देशिका उपलब्ध कराना।

नर्सरी पोर्टल की विशेषताएं

- नर्सरी/ख़रीदारों का पंजीकरण
- भारत में मान्यता/लाइसेंस प्राप्त/अन्य नर्सरी की निर्देशिका
- नर्सरी के लिए अपनी रुपरेखा दिखाने के लिए मंच
- नर्सरी द्वारा बिक्री प्रस्ताव पेश करना
- ख़रीदारों द्वारा ख़रीदारी संबंधी पूछताछ की पेशकश करना
- बिक्री के प्रस्तावों और ख़रीद पूछताछ के बीच आभासी एकत्रीकरण/मिलान करना
- नर्सरी और ख़रीदारों के बीच संचार मंच
- ज्ञान प्रसार: नर्सरी सहायता और मार्गदर्शन
- नीति नियोजन के लिए सरकारी विभागों के लिए एम आई एस रिपोर्ट

एन पी पी का उपयोग निम्नलिखित हितधारकों द्वारा किया जा सकता है, जिनमें से प्रत्येक की पोर्टल में एक अलग भूमिका और कार्य हैं।

नर्सरी मालिकों के कार्य

पोर्टल में रजिस्टर करना

अपनी नर्सरी की रूपरेखा बनाए रखना

वास्तविक समय में भंडार की सूचना

बिक्री का प्रस्ताव रखना

ख़रीदारों की पूछताछ पर ध्यान देना

ख़रीदारों के साथ संदेशों का आदान-प्रदान करना

ख़रीदारों के कार्य

- पोर्टल में रजिस्टर करना
- पूछताछ दर्ज करना
- नर्सरी की निर्देशिका खोजना
- नर्सरी के बिक्री प्रस्ताव देखना
- नर्सरी के साथ सदेशों का आदान-प्रदान
- नर्सरी द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर प्रतिक्रिया देना

सरकारी विभागों/एजेंसियों के कार्य

- रोपण सामग्री की ख़रीद के लिए निविदा सूचना देना

प्रशासकों के कार्य

- नर्सरी पंजीकरण को परिनियमित और स्वीकृत करना
- प्रधान आंकड़े प्रबंधित करना
- पोर्टल की निगरानी करना
- एम आई एस रिपोर्ट को खोजना और देखना